संख्या–1273/पॉच–5–2020

प्रेषक,

अमित मोहन प्रसाद
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2– मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–5 लखनऊः दिनांक 15 जून 2020

विषय–कोविड–19 फेसिलिटी में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी प्रतिदिन दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत है कि कोविड पॉजिटिव मरीजों का प्रदेश के चिन्हित विभिन्न डेडीकेटेड कोविड चिकित्सालयों में भर्ती कराकर उपचार किया जा रहा है। कोविड पॉजिटिव मरीज से किसी को मिलने की अनुमति न होने के कारण उनके परिवार के सदस्यों/रिश्तेदारों को उनके स्वास्थ्य की जानकारी नहीं हो पाती है, जिससे परिवार के सदस्य व अन्य सम्बन्धी चिन्तित व परेशान होते हैं।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड पॉजिटिव भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य से सम्बन्धित सूचना डेडीकेटेड चिन्हित चिकित्सालयों के प्रभारी अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन अपरान्ह् 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य भर्ती मरीजों के परिवार के सदस्यों/रिश्तेदारों को दूरभाष पर उपलब्ध करायी जाएगी।

कृपया उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
15.6.20
(अमित मोहन प्रसाद)
प्रमुख सचिव।

संख्या–1273(1)/पॉच–5–2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश।
5. निदेशक, संचारी, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
6. समस्त मंडलीय अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(प्राणेश चन्द्र शुक्ल)
उप सचिव

Pankaj/GO/COME-3